Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष ३० अंक- २/३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ जनवरी से १५ फरवरी २०२१ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)

# पिछले कुछ वर्षो में रेलवे के आधुनिकीकारण के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्य -प्रधानमंत्री



प.सू.का/नई दिल्ली। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गुजरात के केवड़िया को देश के विभिन्न भागों से जोड़ने के लिए ८ रेलगाड़ियों को शुरू किए जाने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा की हाल के वर्षों में रेलवे की बुनियादी ढांचा विकास के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है इस बदलाव के चलते भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने गुजरात में रेलवे की कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। जिन्हें रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत २००६ से २०१४ तक कार्य की प्रगति मात्र कागजों पर हुई थी और इस दौरान १ किलोमीटर का भी नया ट्रैक नहीं बिछाया जा सका था। अब अगले कुछ दिनों में कुल ११०० किलोमीटर पर निर्माण कार्य पूर्ण होने वाला है।



७२वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर रेलवे वाणिज्य तथा उद्योग एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए




## माघ मेला 2021 के प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश व्यवस्था

प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड से

माघ मेला के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज जं. पर सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बन्द रहेगा जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| क्र. सं. | पर्व का नाम | तिथि | दिन | सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बंद रहने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मकर संक्रांति | 14.01.2021 | गुरुवार | दिनांक 13.01.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 15.01.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 2. | पौष पूर्णिमा | 28.01.2021 | गुरुवार | दिनांक 27.01.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 29.01.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 3. | मौनी अमावस्या | 11.02.2021 | गुरुवार | दिनांक 09.02.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 12.02.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 4. | बसंत पंचमी | 16.02.2021 | मंगलवार | दिनांक 15.02.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 17.02.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 5. | माघी पूर्णिमा | 27.02.2021 | शनिवार | दिनांक 26.02.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 28.02.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 6. | महाशिवरात्रि | 11.03.2021 | गुरुवार | दिनांक 10.03.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 12.03.2021 रात्रि 12 बजे तक |

### प्रयागराज जंक्शन से संचालित मेला स्पेशल ट्रेन हेतु निर्धारित प्रवेश द्वार, यात्री आश्रय एवं बुकिंग कार्यालय और उनके रंग

प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड से

| स्पेशल ट्रेन की दिशा | प्रवेश द्वार | यात्री आश्रय का रंग |
|---|---|---|
| लखनऊ एवं वाराणसी की तरफ | 1 लाल रंग | लाल रंग |
| मिर्जापुर, विन्ध्याचल एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की तरफ | 2A नीला रंग | नीला रंग |
| मानिकपुर एवं सतना की तरफ | 2B पीला रंग | पीला रंग |
| फतेहपुर एवं कानपुर की तरफ | 3 हरा रंग | हरा रंग |
| सभी दिशाओं के आरक्षित टिकट धारक यात्रियों के लिए | 4 सफेद रंग | - |

आवश्यक सूचना:–माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर भी आरक्षित टिकट काउन्टर खोले गये हैं। जिनसे यात्री टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

97/21 (R) North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRO NCR

## डीएफसी परियोजना कि दैनिक आधार पर निगरानी किए जाने की जरूरत-पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक ११.०१.२०२१ का पूर्वी और पश्चिमी दोनों गलियारों पर डेडिकेटेड फ्रेट गलियारे (डीएफसी) में पूरे होने वाले विभिन्न खंडों में हुई प्रगति की दिनांक ११.०१.२०२१ को समीक्षा की। रेल अधिकारियों ने उन्हें सभी खंडों में हुई प्रगति तथा कुछ खंडों में कार्य पूरा करने में आ रही विशेष चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। पीयूष गोयल ने कहा कि इस परियोजना की दैनिक आधार पर निगरानी करने की जरूरत है ताकि यह परियोजना जून २०२२ तक पूरी करके राष्ट्र को समर्पित की जा सके। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे यह परियोजना पूरी होती जा रही है, सभी हितधारकों के व्यापार संचालनों को बढ़ावा देने के लिए क,रिडोर के साथ-साथ फ्रेट टर्मिनलों के विकास पर भी जोर दिए जाने की जरूरत है। रेल मंत्रालय केवल मालगाड़ियों को तेज गति से चलाने के लिए ही समर्पित फ्रेट कॉरिडोर बना रहा है। इस डेडिकेटेड फ्रेट गलियारे को भारत के आर्थिक विकास में एक गेम चेंजर के रूप में देखा जा रहा है। बतादें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में पूर्वी और पश्चिमी गलियारों पर डीएफसीसीआईएल के दो खंडों को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये खंड पश्चिमी गलियारे पर रेवाड़ी-मदार खंड और पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट गलियारे पर न्यू खुर्जा–न्यू भौपुर खंड हैं।

## दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल गलियारे के लिए सर्वेक्षण कार्य हुआ शुरू

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। दिल्ली- वाराणसी हाई स्पीगड रेल गलियारे के लिए हाई स्पीड रेल के कार्य ने जोर पकड़ लिया है। ग्रेटर नोएडा से दिल्ली् वाराणसी हाई स्पीड रेल गलियारे के लिए लिडार सर्वेक्षण शुरू किया गया, अत्याधुनिक एरियल लिडार तथा इमेजरी सेंसरों से सुसज्जित एक हैलिकॉप्टर ने पहली उड़ान भरी और ग्राउंड सर्वेक्षण से संबंधित डेटा प्राप्त किया।

राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा लाइट डिटेक्शकन और रेंजिंग (लिडार) सर्वेक्षण तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो ३ से ४ महीने में ग्राउंड संबंधी सभी विवरण तथा डेटा उपलब्ध कराता है, जबकि इस प्रक्रिया में सामान्य तौर पर १० से १२ महीने का समय लगता है। राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को ७ हाई स्पीड रेल गलियारे के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य सौंपा गया है तथा इन सभी गलियारों में ग्राउंड सर्वेक्षण के लिए लिडार सर्वेक्षण तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

## दो किसान संगठनों ने हिंसा के बाद खत्म किया आंदोलन

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। किसान परेड के दौरान दिल्ली में उपद्रवियों द्वारा की गई हिंसा के बाद आंदोलनों को खत्म किया जाने लगा है। वहीं नए कृषि कानूनों के खिलाफ दो किसान संगठनों राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन और भारतीय किसान यूनियन ने गाजीपुर और नोएडा बॉर्डर पर चल रहे प्रदर्शन को वापस ले लिया। इसके साथ ही भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। बता दें कि देश के ७२वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिनांक २६.०१.२०२१ को विभिन्न किसान संगठनों ने दिल्ली की सीमाओं से किसान ट्रैक्टर परेड निकाली थी। यह परेड आगे जाकर हिंसक घटनाओं में तब्दील हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़े थे।

## अब एप पर होगी रेलकर्मियों की सैलरी स्लिप और सर्विस रिकार्ड

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। रेलवे ने पेपरलेस कार्यप्रणाली की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। जिसके बाद अब सैलरी स्लिप के साथ सर्विस बुक और वेतन से जुड़ी सभी जानकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए रेलवे इम्प्लाइज सेल्फ सर्विस यानी आरईएसएस एप लांच किया गया है। सूत्रों के अनुसार इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर, इज्जतनगर, वाराणसी और लखनऊ मंडल में ५० हजार से ज्यादा कर्मचारी अलग-अलग महकमों में कार्यरत हैं। वहीं कुछ समय पहले ही एनआईआर ने भी ई-ऑफिस की शुरुआत करने के बाद ज्यादातर कार्यों का ऑनलाइन निष्पादन शुरू कर दिया है।

## दिल्ली सरकार ने दिया खिलाड़ियों को तोहफा



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। खिलाड़ियों को दिल्ली सरकार ने नए साल का तोहफा दिया है, जिसमें सरकार ने ३०७ खिलाड़ियों को ७.४८ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना है कि प्रत्येक छात्र किसी भी खेल से जरूर जुड़े और हर प्रतिभावान खिलाड़ी को सरकार की तरफ से जरूरी सहायता मिले। उन्होंने दिल्ली की खेल प्रतिभाओं से खेल में बड़ी कामयाबी हासिल कर दिल्ली और देश का नाम ऊंचा करने का आहन भी किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार युवा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के साथ ही उनके अच्छे पोषण पर भी ध्यान दे रही है। समारोह में ओलंपिक विजेता सुशील कुमार के साथ शिक्षा सचिव एच राजेंद्र प्रसाद, शिक्षा विभाग निदेशक उदित प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने की पूर्वी समर्पित मालभाड़ा गलियारे के निर्माण कार्यो की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के अधिकारियों और डीएफसीसीआईएल के अन्य अधिकारियों के साथ उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर की प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाप्रबंधक उत्तर मध्य और पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने दिनांक १४.०१.२०२१ को समीक्षा की।

बैठक में प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल आर के जैन ने २६.१२.२० को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाऊपुर-खुर्जा के बीच ३५० किलोमीटर ईडीएफसी खंड के उद्घाटन और उसके निर्माण में उत्तर मध्य रेलवे के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रगति की समीक्षा करते हुए, महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि रोड अंडर ब्रिजों को जल भराव से मुक्त होना चाहिए और इसके लिए उचित और स्थायी समाधान तैयार कर, उसे प्राथमिकता पर लागू किया जाए। त्रिपाठी ने प्रयागराज के पास डीएफसीसीआईएल द्वारा बनाए जा रहे महत्वपूर्ण यमुना पुल की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की और डीएफसीसीआईएल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा परियोजना को त्वरित रूप से पूरा करने में सभी आवश्यक सहायता उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रदान की जाएगी।

## यात्रियों से अतिरिक्त किराया वसूले जाने की खबरें भ्रामक

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। मीडिया के एक हिस्से में ये खबर चल रही है कि रेलवे यात्रियों से अतिरिक्त किराया वसूल रहा है। ये एक भ्रामक खबरें हैं जो पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित नहीं है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए काफी समय से फेस्टिवल और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती रही हैं। इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों से भारी मांग को देखते हुए ये फेस्टिवल ट्रेन चलाई गई जिन्हें अभी तक जारी रखा गया है। रेलवे द्वारा हमेशा यात्री परिचालन को सस्ता बनाये रखा गया है। रेल यात्रा परिचालन में होने वाले घाटे को रेलवे उठाता है। कोविड -१६ महामारी के इस मुश्किल वक्त में भी रेलवे ने ट्रेनों का आवागमन जारी रखा है। यही नहीं, रेलवे ने उन लोगों का खास ख्याल रखा है जो न्यूनतम किराए पर सफर करते हैं ताकि इस मुश्किल वक्त में ऐसे लोगों पर कम से कम भार पड़े। कोविड-१६ महामारी के इस दौर में ४० फीसदी यात्रियों ने सेकेंड सीटिंग में यात्रा की है जिसमें कोविड से पहले की अनारक्षित यात्राओं के मुकाबले बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं।

## प्रयागराज और कानपुर स्टेशन होगा एयरपोर्ट जैसा विकसित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन और प्रयागराज जंक्शन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। इन दोनों ही स्टेशनों का पुनर्विकास रेलवे द्वारा किया जाएगा। बतादें कि रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम लिमिटेड, रेल भूमि विकास प्राधिकरण और केंद्र सरकार की अन्य एजेंसियों के माध्यम से रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए योजना बनाई है। भारतीय रेल में अभी भोपाल का हबीबगंज ही एकमात्र स्टेयान हैं, जिसका पुनर्विकास किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार दिनांक २२.०१.२०२१ को डीआरएम प्रयागराज मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसम पुनर्विकास करने की योजना पर चर्चा हुई।

# धूम-धाम से मनाया गया उत्तर मध्य रेलवे में ७२वां गणतंत्र दिवस





रे.स.ब्यूरो/संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राष्ट्र का ७२वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। २६ जनवरी २०२१ को, उत्तर मध्य रेलवे में समारोह आयोजन के दौरान कोविड-१६ महामारी के दृष्टिगत, सोशल डिस्टैंसिंग, मास्क, उचित स्वच्छता, आदि निर्धारित मानकों सहित कोविड- १६ से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया है। कार्यक्रम का प्रारंभ अपर महाप्रबंधक रंजन यादव द्वारा झंडा फहराने के साथ हुआ। इस अवसर पर, अपर महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। अपर महा- प्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए १६ रेलवे कर्मियों को सम्मानित भी किया। समारोह के दौरान, अपर महाप्रबंधक ने ७२वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रंजन यादव ने महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी का जो वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे के साथ-साथ महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के पद का प्रभार भी संभाल रहे हैं, के गणतंत्र दिवस का संदेश का वाचन किया।

# गंगा आरती के लिए संगम में बनेगा मंच

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। गंगा आरती के लिए संगम में भव्य मंच का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही संगम पर वर्ष पर्यंत आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर प्रसाधन निर्माण के अलावा गंगा निर्मलीकरण के लिए नियमित सफाई करने वाली मशीन भी लगाई जाएगी। यह निर्णय प्रयागराज मेला प्राधिकरण की शनिवार दिनांक २३.०१.२०२१ को हुई बैठक में लिया गया। बतादें कि वर्ष भर में लाखों भक्त संगम पर आते हैं, लेकिन वहां माघ मेले के बाद सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं मिल पाता है। जिसके बाद अब माघ मेला के बाद वर्ष भर संगम स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संगम पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इस दिशा में पहल शुरू कर दी है। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चंद गोस्वामी, एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी समेत कई अफसर उपस्थित थे।

# कोर प्रयागराज में उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज के कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक, यशपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया गया। महाप्रबन्धक ने इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा संगठन भारतीय रेल के विकास हेतु सुरक्षित, कुशल, पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली के माध्यम से राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की ओर सतत प्रयत्नशील है। कोविड महामारी के बावजूद विद्युतीकरण कार्य में हो रही प्रगति के प्रति महाप्रबन्धक ने संतोष व्यक्त किया।

सिंह ने कहा कि कोर ने कोविड-१६ आपदा का उपयोग एक अवसर के रूप में करते हुए हमने एक दिन में सर्वाधिक वायरिंग शॉट्स और एक दिन में अधिकतम मास्ट इरेक्सन का रिकार्ड बनाया तथा नवाचार के नये उपायों को अपनाते हुए, इस वर्ष कोर की चेन्नई परियोजना ने पहली बार सिलेंड्रिकल फाउंडेशन कास्टिंग को आरम्भ किया। अध्यक्षा रीवो रचना सिंह ने सास्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया।

# पहली बार राफेल ने दिखाया आसमान में करतब



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। देश में पूरे उमंग और उत्साह के साथ ७२वां गणतंत्र दिवस मना गया। इस अवसर पर भारतीय सेना की ताकत देश की राजधानी दिल्ली के राजपथ पर पूरी दुनिया ने देखी। पहली बार परेड में लड़ाकू विमान राफेल ने अपना जलवा बिखेरा। राफेल के साथ-साथ मिग-२६ फाइटर ने भी राजपथ पर अपने कारनामे दिखाए। इस बार का फ्लाईपास्ट राफेल के वर्टिकल चार्ली फार्मेशन से खत्म हुआ। यह एक ऐसा पल था, जिसने हर किसी को जोश और जूनन से भर दिया राफेल ने आसमान के सीने पर करतब दिखाते हुए लोगों को हैरत में डाल दिया। राफेल को पिछले साल सितंबर में फ्रांस से खरीदा गया था। राफेल लड़ाकू विमान फ्लाइ पास्ट के अंत में अपने करतब दिखाया।

# प्रयागराज मंडल का जसरा स्टेशन हुआ आधुनिक सिग्नल उपकरणों से लैस

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज मंडल के सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा सिग्नलिंग प्रणाली में लगातार सुधार किया जा रहा है। इसी क्रम में सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा त्वरित गति से वार्षिक लक्ष्य को पूरा करते हुए प्रयागराज - मानिकपुर खंड के जसरा स्टेशन पर स्टेशन मास्टर कक्ष के डोमिनो टाइप पैनल को हटाकर रेल संचालन को और बेहतर बनाने के लिए ड्यूल वीडियू का कमीशनिंग दिनांक २४.०१.२०२१ को किया गया। इसके लिए ४२ इंच के दो बड़े कंप्यूटर पैनल लगाया गया हैं। इसी कार्य के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गए हैं।

# विषम परिस्थितियों में भी सरपट दौड़ती भारतीय रेल

रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। कोहरे जैसी विषम परिस्थितियों में भी झाँसी मंडल संरक्षित संचालन सहित समय-पालनता पर निरंतर जोर बनाए रखे है। कोहरा के कारण ट्रेनों का परिचालन काफी कठिन कार्य होता है।

पिछले कुछ वर्षो में झांसी मंडल ने अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर कोहरे में ट्रेन परिचालन को नियमित करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं लोको पायलटों को कोहरे के मौसम के दौरान गाड़ी चलाने में सहायता देने के लिए फॉग सेफ डिवाइस दिया गया है। यह एक ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जी.पी.एस.) आधारित एक ऐसा हैंड हेल्ड पोर्टेबल उपकरण है, जिसे रेल इंजन में संस्थापित नहीं किया जाता बल्कि कोहरा प्रभावित खंडों में गाड़ी चलाने वाले लोको पायलटों को दिया जाता है।

# पूरी गरिमा के साथ मनाया गया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ७२वां गणतंत्र दिवस




रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर ७२वां गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा व पारंपरिक रूप से २६ जनवरी २०२१ को मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, द.पू.म. रेलवे ने उपस्थित लोगो को ७२वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होनें कहा कि गणतंत्र दिवस का दिन हम सभी के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है जब हम अपने देश के संविधान एवं देश के नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए पुनः अपने आपको समर्पित करते है। मुख्य अतिथि ने रेलवे के आर.पी.एफ. के जवानों, सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं, सेन्ट जॉन्स एम्बुलेंस, एन.सी.सी. एवं स्काउट एण्ड़ गाईड के द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट की सलामी भी ली। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कोरोना काल की आपदा को अवसर में बदलते हुए हमारे कर्मठ रेल कर्मियों की लगनशीलता एवं अथक प्रयासों की बदौलत इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इनफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए तेजी से नई लाइन, मल्टीट्रैकिंग, गेज कनवर्जन, इलेक्ट्रिफिकेशन एवं ऑटो सिग्नलिंग के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि हम सभी के लिए यह एक उम्मीद की किरण है कि हम कोरोना की जंग जल्द ही जीत लेंगे।

# बेंगलुरू उप नगरीय रेल परियोजना प्रगति कि रेल मंत्री ने की समीक्षा

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली।रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक ११.०१.२०२१ को बेंगलुरू उप नगरीय रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। ने इस अवसर पर पीयूष गोयल कहा कि उप नगरीय परियोजना "मेक इन इंडिया" की नीति पर आधारित होने के साथ ही "आत्मनिर्भर भारत" अभियान को बढ़ावा देने वाली होनी चाहिए। बैठक में रेलवे बोर्ड और कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बतादें कि भारत सरकार ने बेंगलुरु शहर में उप नगरीय रेल परियोजना के निर्माण के लिए रेल मंत्रलय के प्रस्ताव को अक्टूबर, २०२० में मंजूरी दी थी। इस परियोजना के तहत कुल १४८.१७ किलोमीटर लंबे ४ उप नगरीय रेल मार्गो का निर्माण किया जाना है। इसे रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (कर्नाटक) लिमिटेड (केआरआई-डीई) की ओर से क्रियान्वित किया जाएगा। केआरआईडीई एक विशेष उद्देश्य के लिए बनाई गई कर्नाटक सरकार और रेल मंत्रालय की संयुक्त उद्यम कंपनी है। प्रस्तावित परियोजना पर कुल १५,७६७ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इसके छह साल में पूरा हो जाने की संभावना है। इस परियोजना के तहत बेंगलुरू शहर में एक सुरक्षित, सुलभ और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था के लिए एक समर्पित उप नगरीय रेल प्रणाली की तैयारी की गई है। इस रेल गलियारे के बन जाने से इसके आस-पास की जमीन की कीमत बढ़ेगी और जिससे अतिरिक्त आमदनी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस परियोजना के २०२६ तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।



# बाढ़ से बचाने को, गंगा यमुना के किनारे बनेगा रिवर फ्रंट- डिप्टी सीएम



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज को बाढ़ से बचाने के लिए गंगा और यमुना किनारे रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। यह बात उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। इसके साथ ही गंगा और यमुना नदी के तट पर अवैध प्लाटिंग और घर बनाने का काम भी बंद होगा। जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दिनांक ०६.०१.२०२१ को डिप्टी सीएम ने कहा कि फाफामऊ में छह लेन पुल के निर्माण पर करीब दो हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। प्रदेश का ये छठवां सबसे लंबा पुल होगा जिसकी लंबाई दस किलोमीटर होगी। प्रदेश में इस समय २०७ सेतु बनाने का काम चल रहा है। इसमें ६० आरओबी हैं और बाकी फ्लाईओवर हैं। समारोह ने सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, मंझनपुर विधायक लाल बहादुर, विधायक विक्रमाजीत मौर्य, महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, नीलम करवरिया आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार २०२० में भारतीय रेलवे ने हासिल किए १३ पुरस्कार

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। यात्रियों को स्वच्छ एवं हरित परिवहन प्रदान करने के अनवरत और निरंतर प्रयासों की वजह से भारतीय रेलवे को विद्युत मंत्रालय के उर्जा दक्षता ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई), द्वारा आयोजित वर्ष २०२० के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) की तीन प्रतिष्ठित श्रेणियों में १३ पुरस्कार मिले हैं। पश्चिम रेलवे को प्रथम पुरस्कार मिला है। पूर्वी रेलवे को द्वितीय पुरस्कार दिया गया है। उत्तर-पूर्व रेलवे और दक्षिण-मध्य रेलवे को परिवहन श्रेणी में योग्यता प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया है। भवन श्रेणी में, भावनगर और राजकोट स्थित मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालयों ने पहला और दूसरा पुरस्कार जीता है। पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय के विद्युत विभाग को योग्यता प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया है। रेलवे कर्मशालाओं की उप श्रेणी में, डीजल लोको शेड, दक्षिण-मध्य रेलवे, विजयवाड़ा ने प्रथम पुरस्कार और कांचरापाड़ा कर्मशाला, पूर्वी रेलवे, उत्तर २४ परगना ने दूसरा पुरस्कार जीता है। योग्यता प्रमाण–पत्र यांत्रिक कर्मशाला, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जत-नगर, मध्य रेलवे कर्मशाला, मैसूर, यांत्रिक कर्मशाला डिब्रूगढ़, नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे और सेंट्रल वर्कशाप, पोनमालई, दक्षिणी रेलवे, तिरुचिरापल्ली को प्रदान किया गया है। ऊर्जा संबंधी दक्षता में उल्लेखनीय सुधार के लिए भारतीय रेलवे के विभिन्न परिक्षेत्रों एवं कर्मशालाओं को ये पुरस्कार दिए गए हैं।





## महाप्रबंधक की अध्यक्षता में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ६८वीं बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर।क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ६८वीं बैठक महाप्रबंधक एल. सी.त्रिवेदी की अध्यक्षता में महेन्द्रू घाट, पटना में दि. १२.०१.२१ को संपन्न हुई। बैठक में महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ई-ऑफिस में हिंदी में टेम्पलेट बनाया जाए ताकि इससे व्याकरण की गलतियों से बच सकें। इस अवसर पर उन्होने ई-पत्रिका वैशाली का विमोचन राजभाषा पखवाड़ा- २०२० में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तथा परिचालन विभाग को अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया। बैठक में मौजूद अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि पूर्व मध्य रेल पर हिंदी प्रयोग-प्रसार की स्थिति संतोषजनक है। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा अल्प् समय में कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार में उत्तर मध्य रेलवे ने मारी बाजी



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। मिशन रफ्तार का काम अन्य सभी जोनल रेलवे के मुकाबले उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) में सबसे तेज हो रहा है। बतादें कि उत्तर मध्य रेलवे जोन देश का एकमात्र ऐसा जोन बन गया है, जहां १४० जोड़ी ट्रेनों की अधिकतम स्पीड १३० किलोमीटर प्रतिघंटा हो गई है। वहीं अब ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के मामले में सभी जोनल रेलवे के मुकाबले एनसीआर अव्वल भी हो गया है।

आने वाले दिनों में यहां ३५ जोड़ी अन्य ट्रेनों की रफ्तार भी १३० किलोमीटर प्रतिघंटा किए जाने की तैयारी की गई है।

सम्पादकीय

## कोरोना के बाद अब बर्ड फ्लू की चुनौती

कोविड-१६ को लेकर देश की चिंता अभी कम नहीं हुई थीं कि अब बर्ड फ्लू से जुड़ी खबरों ने देशवासियों को एक नई उलझन में डाल दिया है। बर्ड फ्लू कोई नई आपदा नहीं है, लेकिन इसकी प्रकृति को देखते हुए यह वक्त बहुत खतरनाक है। यह वायरस कितना घातक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्य प्रदेश के इंदौर, मंदसौर और राजस्थान के झालावाड़ से पक्षियों के मरने की खबर और जांच में उनमें एच५एन१ वायरस की पुष्टि के बाद अब इसका दायरा हिमाचल से लेकर केरल तक फैल चुका है। केरल में भी अलप्पुझा और कोट्टायम जिलों में मृत बत्तखों में एच५एन१ की पुष्टि के बाद सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया था। पर अभी पोल्ट्री फॉर्म के स्तर पर किसी तरह के संक्रमण की सूचना नहीं मिली है, मगर केंद्र समेत तमाम राज्य सरकारों को अपनी निगरानी बढ़ानी होगी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यदि पोल्ट्री उत्पादों को ७० डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में अच्छी तरह से पकाकर खाया जाए, तो वह भोजन सुरक्षित है। भारत में भी खान-पान के मामले में नित नए-नए प्रयोग होने लगे हैं, इसलिए सावधानी की जरूरत अब पहले से कहीं ज्यादा है। देश इस समय इसके टीकाकरण अभियान में जुटा है। ऐसे में, बर्ड फ्लू की चुनौती को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। प्रशासनिक चौकसी से जुडेढ लोगों के साथ-साथ खासकर पोल्ट्री उद्योग से जुडेढ लोगों की यह जिम्मेदारी है कि पक्षियों की असामान्य मौत की सूचना वे तुरंत विभाग को दें। कोरोना के प्रकोप से हम पहले ही जान-माल का काफी नुकसान उठा चुके हैं, और अब किसी तरह की कोई भी भूल अपराध ही कहलाएगी।

## होली पर रेलवे चलाएगी अतिरिक्त ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र। यात्रियों को होली पर अपने घरों को आने के लिए लंबी वेटिंग से परेशान होने की जरूरत नहीं है। अतिरिक्त ट्रेनें यात्रियों को होली पर घर तक का सफर आसान करेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे की इस पहल से यात्रियों को राहत मिलेगी और होली पर उनका सफर आसान हो जाएगा। २८ व २६ मार्च को मनाए जाने वाले होली के पर्व के मद्देनजर रेलवे कई और ट्रेनों को बहाल करने का निर्णय लिया है।

## इविवि मे ऑफलाइन होंगी सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षाएं



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) और संघटक महाविद्यालयों में सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षाएं इस बार ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। मंगलवार दिनांक ०५.०१.२०२० को कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने यह बात नॉर्थ हॉल में सभी विभागाध्यक्षों एवं डीन की बैठक में कही। इस दौरान उन्होंने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दीं और इविवि के २०२१ के कैलेंडर का अनावरण भी किया।

कुलपति ने कहा कि इस बार परीक्षाओं का आयोजन ऑफलाइन किया जाएगा। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में गेस्ट फैकल्टी को नियुक्त करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। वहीं बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शोध विद्यार्थियों के लिए अपने रिसर्च पेपर पर सुपरवाइजर का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

## माघ मेला को देखते हुए के प्रयागराज मंडल का रहा है विशेष तैयारियां

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेला २०२१ के दौरान आये श्रधालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन पर सुरक्षात्मक उपाय करते हुए प्रयागराज जंक्शन को पूर्णतः सुरक्षित किया जा रहा है। जंक्शन पर कोविड नियमों का पालन करते हुए यात्रियों को अलग-अलग प्रवेश मार्ग से स्टेशन पर प्रवेश दिया जायेगा। तीर्थयात्रियों के लिए प्रयागराज जंक्शन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त ०४, आश्रय हैं। प्रत्येक आश्रय की क्षमता लगभग २५०० है, प्रयागराज जं० पर लगभग १०००० यात्रियों के रुकने की व्यवस्था है। प्रत्येक आश्रयों में पूंछ-ताछ काउंटर, ट्रेन टाइमिंग डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली, पीने का पानी, प्रकाश एवं शौचालय की उत्तम व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को कोई असुविधा न हो। स्टेशन पर मशीनीकृत सफाई है तथा सुरक्षा हेतु पर्याप्त अग्निशमन यंत्र एवं व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज, नैनी एवं प्रयागराज -छिवकी स्टेशन पर फ्री वाई फाई की सुविधा प्रदान की गई है।

## पहुंचने लगे मेले मे कल्पवासी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेले में कोरोना संक्रमण के खौफ पर आस्था भारी पड़ने लगी है। कोरोना के डर को पीछे छोड़कर कल्पवासियों के शिविर आकार लेने लगे हैं। त्रिवेणी काली मार्ग से लेकर मोरी मार्ग तक आध्यात्मिक संस्थाओं के शिविरों में संतों-भक्तों के डेरे लगने से हलचल बढ़ गई है, न किसी के चेहरे पर कोरोना का भय दिखा न मन में किसी तरह की चिंता। है तो सिर्फ संगम की रेती पर जप, तप और ध्यान की लालसा। ऐसे में रेती पर पर बिना किसी परवाह के लोग घर-बार छोड़कर पहुंचने लगे हैं।

## अब घर बैठे पास ले सकेंगे सेवानिवृत्त रेलकर्मचारी



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अब सुविधा पास की सुविधा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी घर बैठे ले सकेगा। उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के कार्मिक विभाग के प्रयासों के फलस्वरूप अब इस सुविधा को प्रयागराज मण्डल के २३८७६ सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों तक पहुंचाना प्रारम्भ कर दिया गया है। दिनाक ०७.०१.२०२१ को प्रयागराज मण्डल से सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान १५ से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं ४० सेवारत कर्मचारियों को इस सिस्टम को प्रयोग करने की ट्रेनिंग दी गई। इस सिस्टम के माध्यम से कोई भी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने घर से ही पास की सुविधा ले सकता है, उसे कार्यालय में भाग दौड़ करने की आवश्यकता नही होगी। बतादें कि रेल कर्मचारियों की सभी सुविधाओं को डिजिटल करने के क्षेत्र में कार्य करते हुये रेल प्रशासन द्वारा ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (HRMS) लांच किया है।

## बरेका में ड्राई रन का सफलतापूर्वक आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी बनारस रेल इंजन कारखाना, में कोविड-१६ की टीकाकरण की तैयारी की स्थिति के परिप्रेक्ष्य में दिनांक ११ जनवरी २०२१ को केंद्रीय चिकित्सालय, पूर्वाभ्यास के रूप में ड्राई रन का आयोजन किया गया, जिसमें ३० स्वास्थ्य कर्मियों को सूचीबद्ध कर कोविड पोर्टल के प्रोटोकॉल के तहत टीकाकरण में लक्षित सभी चरणों का विधिवत् परीक्षण किया गया। इसमें बरेका चिकित्सालय के चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ के अतिरिक्त वाराणसी जनपद के जिला स्वास्थ्य समिति की तरफ से डॉ. पीयूष राय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, वैबसीनेटर व पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। बरेका के प्रमुख मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुजीत मलिक, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश कुमार, मंडलीय चिकित्साधिकारी डॉ. एस. के मौर्य ने सक्रिय भूमिका निभाते हुये पूरे पूर्वाभ्यास का सफलतापूर्वक संपादन किया।


## शुरू हो गया लखनऊ के लिए गंगागोमती एक्सप्रेस का संचालन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज संगम से लंबे अंतराल के बाद गंगा-गोमती एक्सप्रेस और लखनऊ इंटर सिटी एक्सप्रेस का संचालन सोमवार दिनांक ११.०१.२०२१ की सुबह से शुरू हो गया। पहले दिन हालांकि इन दोनों ही ट्रेनों से लखनऊ जाने वाले यात्रियों की संख्या सीमित ही रही। बता दें कि गंगा गोमती एक्सप्रेस को शुरू करने की मांग काफी दिनों से यात्रियों द्वारा की जा रही थी। उधर प्रयागराज संगम से जौनपुर स्पेशल का भी संचालन शुरू हुआ।

## टिकट दलालों के खिलाफ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कर रहा है छापेमारी

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रे.सु.ब. के मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के क्षेत्राधिकार मे तीनों मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मे ई-टिकिट एवं काउंटर टिकिट दलालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान कन्फर्म टिकिट मिलने मे असुविधा न हो। इसी कड़ी में मंडल एवं मुख्यालय स्तर पर अलग-अलग टीम का गठन कर रायगढ़, अनुपपुर, इत्यादि शहरों में टिकट दलालों के ऊपर गोपनीय नजर रखते हुए छापामारी कार्यवाही भी की गई। कार्यवाही के दौरान बिलासपुर मंडल द्वारा ७२ मामलों मे ७७ टिकिट दलालों को, रायपुर मंडल द्वारा ६६ मामलों मे ६६ टिकिट दलालों को एवं नागपुर मंडल द्वारा ४३ मामलों मे ४३ टिकिट दलालों को गिरफ्तार किया गया। इन टिकिट दलालों से ४००० ई-टिकट एवं ३२ काउंटर टिकिट कुल ४०३२ टिकिट कुल कीमत ६१.७६ लाख की बरामदगी की गई इनमे से भविष्य के यात्रा के टिकिट की कीमत लगभग ६.६१ लाख रुपये थी।

# अनुशासन की भावना पैदा करने में एनसीसी की भूमिका अहम:प्रधानमंत्री



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री, चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ और तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन देशों के सामाजिक जीवन में अनुशासन की मजबूत उपस्थिति होती है, वे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ते हैं।

प्रधानमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया, एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट की समीक्षा की और इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कलाओं के प्रदर्शन को भी देखा। उन्होंने कहा कि भारत के सामाजिक जीवन में अनुशासन की भावना पैदा करने में एनसीसी की प्रमुख भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्दी में रहने वाले सबसे बड़े युवा संगठन के तौर पर एनसीसी का कद दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। एनसीसी के कैडेट हर उस जगह मौजूद हैं, जहां वीरता और सेवा की भारतीय परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है या संविधान के बारे में जागरूकता पैदा की जा रही है। इसी प्रकार, पर्यावरण या जल संरक्षण से जुड़ी किसी भी परियोजना में एनसीसी की भागीदारी है। प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसी आपदाओं के दौरान एनसीसी कैडेटों के योगदानों के लिए उनकी प्रशंसा की।

# किसान रेल से फल एवं सब्जियों की ढुलाई करने पर ५० फीसदी की सब्सिडी



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने केन्द्रीय बजट २०२०-२१ में की गई घोषणा के अनुसार दूध, मीट और मछली सहित जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थ और कृषि उत्पादों की ढुलाई के लिए किसान रेल सेवा शुरू कर दी है। यह मल्टी-कमोडिटी, मल्टी-कंसाइनर /कंसाइनी, मल्टी-लोडिंग/ अनलोडिंग परिवहन सेवा है, जिसका उद्देश्य किसानों को बड़े स्तर पर बाजार उपलब्ध कराना है।

किसान रेल सेवा का मुख्य उद्देश्य उत्पादन केन्द्रों को बाजार और उपभोक्ता केन्द्रों से जोड़कर कृषि क्षेत्र की आय को बढ़ाना है। भारतीय रेलवे किसान रेल सेवा को औपचारिक रूप से शुरू करने की योजना बनाने के लिए —कृषि मंत्रालय, राज्य सरकारें और स्थानीय निकायों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इन किसान रेल गाड़ियों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित किया जाता है, और रास्ते में आने वाली किसी बाधा या देरी से बचाने के लिए इनकी समय की पाबंदी के पैमाने पर कड़ी निगरानी की जाती है।

अब तक १८ रूटों पर इन सेवाओं की शुरुआत की जा चुकी है। २२ जनवरी २०२१ तक १५७ किसान रेल सेवाएं संचालित की जा चुकी हैं, जो ४६००० टन से अधिक माल की ढुलाई कर रही हैं।

# सीधे खाते में मिलेगी श्रमिकों को वित्तीय सहायता-मुख्यमंत्री योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में अब उत्तर प्रदेश के लाखों श्रमिक आने जा रहे हैं। श्रमिकों को सरकार ने योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता से जुड़े लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के लिए पीएफएमएस के जरिए सीधे अकाउंट में देने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार ने प्रदेश के क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों से भवन व सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा में ये निर्देश दे दिए। उन्होंने ईंट भट्ठों में काम करने वाले श्रमिकों, चट्टान तोड़ने वाले तथा अन्य तरह के बहुलता वाले श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन कैंप लगाकर करने के निर्देश दिए। बतादें कि प्रदेश में पिछले दो महीनों में नए श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# अहमदाबाद में ५५ करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित थलतेज-शीलज-राचरडा रेलवे ओवरब्रिज का हुआ लोकार्पण



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। गुजरात के अहमदाबाद शहर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ५५ करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित थलतेज-शीलज-राचरडा रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितीन भाई पटेल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में मूलभूत सुविधाओं की दिशा में जो समस्याएं थीं उन्हे समाप्त करने का अभियान शुरू किया है।

देश में लगभग एक लाख से ज्यादा रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेफिक की बहुत बडी समस्या थी। दिनभर में १०० बार से अधिक रेलवे फाटक खुलते और बंद होते जिससे पेट्रोल -डीजल का बहुत अधिक खर्च होने के साथ ही समय की बरबादी भी होती थी। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्णय लिया और रेल मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक बडा अभियान शुरु किया गया जिसमे लगभग एक लाख रेलवे क्रोसिंग को ओवरब्रीज या अंडरब्रीज के माध्यम से फाटक रहित बनाने का कार्य शुरू हुआ।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि रेलवे सभी मानव रहित फाटक समाप्त करने का काम कर रहा है जिसके तहत २०२२ तक देश के अंदर लगभग एक भी मानव रहित फाटक नहीं होगा जिससे दुर्घटनाएँ कम हो जाएंगी।

# सीबीआईसी के अधिकारी हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड और उसके अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उत्कृष्टता हासिल करने और उसे बनाए रखने पर "जीवन को जोखिम में डालकर असाधारण रूप से सराहनीय सेवा देने"और "विशेष रूप से सेवा के प्रतिष्ठित रिकॉर्ड" के लिए राष्ट्रपति की तरफ से प्रशंसा पत्र व पदक पुरस्कार दिए जाने पर विचार किया जाता है। गणतंत्र दिवस पर इन पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इस साल, वर्षो से अपने संबंधित क्षेत्रों में अनुकरणीय और त्रुटिरहित प्रदर्शन के आधार पर "जीवन को जोखिम में डालकर असाधारण रूप से सराहनीय सेवा देने"के लिए राष्ट्रपति प्रशंसा पत्र और पदक दिए जाने को २ अधिकारियों और "विशेष रूप से सेवा के प्रतिष्ठित रिकॉर्ड" के लिए २२ अधिकारियों का चयन किया गया है। इस साल चयनित पुरस्कार विजेताओं में अतिरिक्त महानिदेशक, सहायक निदेशक, अधीक्षक/वरिष्ठ आसूचना अधिकारी (एसआईओ), आसूचना अधिकारी (आईओ), वरिष्ठ तकनीकी सहायक और चालक शामिल हैं, जो वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में विभाग के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहे हैं।

# देश में ८६ लाख बच्चों को एक दिन में पिलाई गई पोलियो की दवा

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। पोलियो राष्ट्रीय उन्मूलन दिवस के अवसर पर देश भर में पांच वर्ष से कम उम्र के करीब ८६ लाख बच्चों को रविवार दिनांक ३१.०१.२०२१ को पोलियो रोधी बूंदें पिलाई गई। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। टीकाकरण अभियान करीब सात लाख केंद्रों पर चलाया गया जहां टीके की खुराक देने वाले १२ लाख कर्मचारी और करीब १.८ लाख पर्यवेक्षक मौजूद रहे। टीम को बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों पर भी तैनात किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि इसके साथ ही कोविड-१६ महामारी को देखते हुए सुरक्षा के सभी उपाय अपनाए गए और साफ-सुथरे माहौल में पोलियो रोधी दवा पिलाना।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मार्गो की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण को हुई बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित कार्यो के अन्तर्गत मार्गो के मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण के सम्बंध में मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मण्डलायुक्त ने कहा कि एक माह के अंदर रुकावटों को दूर करते हुए कार्य पूर्ण करें। बैठक में मिशन मार्ग चौड़ीकरण के तहत पुलिस क्लब के आंशिक भाग को हटाकर बाथरूम और टॉयलेट के निर्माण हेतु विकास प्राधिकरण ने मण्डलायुक्त के समक्ष प्रस्ताव रखा, जिसपर मण्डलायुक्त ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। मण्डलायुक्त ने कहा कि शहर में प्रवेश मार्गो पर साइनेज बोर्डो को लगाने का काम शीघ्र पूर्ण करें। मण्डलायुक्त ने नगर निगम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को आपस में समन्वय बनाकर विकास कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# हावड़ा-कालका मेल अब कहलाएगी नेताजी एक्सप्रेस

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या १२३११/१२३१२ हावड़ा-कालका मेल का नाम बदलकर नेताजी एक्सप्रेस कर दिया है। यह उल्लेखनीय है कि हावड़ा-कालका मेल बहुत लोकप्रिय और भारतीय रेलवे की सबसे पुरानी ट्रेनों में से एक है। हावड़ा-कालका मेल दिल्ली होते हुए हावड़ा (पूर्व रेलवे) और कालका (उत्तर रेलवे) के बीच चलती है।

# बरेका मे हुआ वेल्डिंग सिमुलेटर का उद्घाटन



रे.स.ब्यू./सूत्र। बनारस रेल इंजन कारखाना के प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के भारतीय रेल वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान के टेस्ट लैब में दिनांक २२ जनवरी २०२१ को महाप्रबंधक अंजली गोयल द्वारा वेल्डिंग सिमुलेटर का उद्घाटन किया गया। इस वेल्डिंग सिमुलेटर पर वर्चुअल वेल्डिंग द्वारा बिना किसी वैल्डिंग consumables का प्रयोग किए प्रशिक्षण दिया जाता है। भारतीय रेलवे में वेल्डरों को प्रशिक्षण देने के लिए यह पहला वेल्डिंग सिमुलेटर है। यह इको-फ्रेंडली है जिससे ग्रीन ट्रेनिंग के द्वारा प्रशिक्षुओं को बिना धूएँ, बिना आर्क एवं बिना विकिरण के आभासी वातावरण प्रदान कर प्रशिक्षित किया जाता है। इस सिमुलेटर की कीमत रु.२१.५७ लाख है तथा इसका प्रयोग करने से प्रतिवर्ष रु.४.७१ लाख की बचत होगी।

इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक द्वारा मशीन, फिटिंग एवं इलेक्ट्रिकल वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विद्युत इंजीनियर/योजना, सचिव महाप्रबंधक, उपस्थित थे।

# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने दिया आर.पी.एफ./जी.आर.पी. के जवानों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। सेंट जॉन एम्बुलेंस की टीम ने दिनांक १०.०१.२०२१ रविवार को आर०पी०एफ० व जी०आर०पी० के आमंत्रण पर उनके जवानों को प्राथमिक उपचार, स्टेंचर ड्रिल तथा सी०पी०आर० का प्रशिक्षण प्रयागराज स्टेशन परिसर में दिया। एम्बुलेंस के सदस्य सतपाल सिंह द्वारा जवानों को प्राथमिक उपचार के विषय पर वक्तव्य दिया तथा ड्रिल भी करवायी। माघ मेले के दौरान दुर्घटना की स्थिति में घायलों को अस्पताल तक पहुँचाने हेतु स्टेंचर ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान जी०आर०पी० व आर०पी०एफ० के जवान व उपनिरीक्षक तथा निरीक्षक मौजूद रहे। सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज की टीम से आलोक वर्मा, राजीव सिंह, अरविन्द कनौजिया, पवन देव पटेल, अनुप श्रीवास्तव, मोहीबुल्ला व पवन यादव मौजूद रहे।


सर्वोदय हॉस्पिटल
फरीदाबाद का सबसे विश्वसनीय मेडिकल संस्थान



जब बात आपके अपनों के स्वास्थ्य की हो, तो सिर्फ सर्वश्रेष्ठ ही चुनें।
4.25 एकड़ | 450 बेड्स | 9 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर्स | 1800+ समर्पित मेडिकल प्रोफेशनल्स

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस
कैंसर केयर एण्ड सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
ऑर्थोपेडिक्स एण्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट
हेमाटोलॉजी एण्ड बोन मेरो ट्रांसप्लांट
डायलिसिस एण्ड किडनी ट्रांसप्लांट
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी / न्यूक्लियर मेडिसिन / PET CT
लीवर एंड डाइजेस्टिव साइंसेज़
ई.एन.टी. एवं कॉक्लियर इम्प्लांट
एडवांस्ड कार्डिएक केयर
लेज़र यूरोलॉजिकल सर्जरी
न्यूरोसाइंसेज़
मिनिमल एक्सेस सर्जरी
रेस्पिरेटरी डिज़ीज़ / स्लीप डिसऑर्डर


अन्य शाखाएं
सर्वोदय हॉस्पिटल, सेक्टर -19, फरीदाबाद
सर्वोदय हेल्थ क्लिनिक, सेक्टर -87, फरीदाबाद
सर्वोदय मेडीसेंटर, जी.के. इन्क्लेव -1, नई दिल्ली
सर्वोदय इमेजिंग सेंटर, मोती बाग, नई दिल्ली

sarvodaya HEALTHCARE

सर्वोदय हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर: सेक्टर - 8, फरीदाबाद, दिल्ली NCR | हेल्पलाइन 1800 313 1414
info@sarvodayahospital.com www.sarvodayahospital.com /Sarvodayafaridabad /Sarvodaya_Care

# जल्द मिलेगी ३० निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए मंजूरी: डॉ. दिनेश शर्मा

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रदेश में एक दर्जन से अधिक नए निजी विश्वविद्यालय स्थापना के लिए मंजूरी जल्द दी जाएगी यह बातें उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कही। उप मुख्यमंत्री ने बुधवार दिनांक १३.०१.२०२१ को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उच्च शिक्षा विभाग की चार साल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होने बताया कि राज्य विश्वविद्यालयों की वार्षिक परीक्षा मार्च अप्रैल में कराई जाएगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रदेश में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़, सहारनपुर राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही शोध को प्रोत्साहन देने के लिए प्रो.राजेन्द्र सिंह इंस्टीटयूट ऑफ फिजिकल साइंस ऑफ स्टडी एंड रिसर्च और रिसर्च सेंटर फॉर रिन्यूवल एनर्जी नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है। गोरखपुर विश्वविद्यालय में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ शोध पीठ की स्थापना की गई है।



# राम मंदिर के लिए शुरू हुआ धन संचय अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए १४ जनवरी से धन संचय अभियान शुरू हो गया है। वहीं राम मंदिर निर्माण के लिए गुजरात के हीरा कारोबारी गोविंदभाई ने ११ करोड़ रुपये का चंदा दिया है। यह अभियान करीब डेढ़ महीने तक चलेगा। इसमें हर कोई अपनी इच्छा के अनुसार चंदा दे सकता है। राम मंदिर के निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अलावा विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस भी देशभर में धन एकत्रित करने का अभियान चला रहे हैं।

# पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेले के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक के०पी० सिंह की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा की गयी, जिसमें मेले से संबंधित सभी विभागों के नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा की गई। इस वर्ष मेले में भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत ट्रैफिक प्लान में कुछ आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं। इस वर्ष लगभग २८०० बसों को मुख्य स्नान पर्वो पर तथा १८०० बसों को सामान्य दिनों पर चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त लगभग ५०० बसों को रिजर्व में रखा जा रहा है। फाफामऊ रूट बंद होने के कारण लखनऊ एवं फैजाबाद रूट की बसों को सामान्य दिनों पर झूंसी से लाया जाएगा तथा मुख्य स्नान पर्वो पर कोखराज- मूरतगंज होकर सिविल लाइंस तक लाया जाएगा। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि किसी भी प्रकार की आकस्मिकता से लड़ने हेतु कंट्रोल रूम में हर विभाग के अधिकारी चौबीसों घंटे उपस्थित रहेंगे, जिससे अंतर विभागीय समन्वय बनाना आसान होगा।

बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक, सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, आशुतोष मिश्रा, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक अखिलेश भदौरिया, समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# २० गांवों से होकर गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। प्रयागराज- मेरठ गंगा एक्सप्रेस वे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। जिले के २० गांवों से यह एक्सप्रेस वे गुजरेगा। इसके लिए प्रभावित किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। इन किसानों की सहमति से गंगा एक्सप्रेस वे के लिए यूपीडा की ओर से भूमि खरीदी जाएगी। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से बृहस्पतिवार दिनांक ०७.०१.२०२१ को इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। इन गांवों के किसानों के नाम के साथ भूमि के प्रभावित रकबा और गाटा का भी चिह्नांकन कर लिया गया है।

# विपिन कुमार सिंह बने प्रयागराज मण्डल के वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। विपिन कुमार सिंह प्रयागराज मंडल के नए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पद भार दिनांक १५.०१.२०२१ को ग्रहण कर लिया। बता दें कि यह पद संचित त्यागी के नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली में ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर स्थानांतरण होने से रिक्त हुआ था। विपिन कुमार सिंह वर्ष २००८ बैच के IRTS अधिकारी है, इससे पूर्व विपिन कुमार सिंह उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/क्लेम के पद पर कार्यरत थे। विपिन कुमार सिंह ने वर्ष २०११ में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/धनबाद के रूप में अपनी रेल सेवा प्रारम्भ की थी। सिंह ने भारतीय रेलवे में मण्डल परिचालन प्रबंधक/सामान्य/आगरा, वरि. मण्डल परिचालन प्रबंधक, प्रयागराज, जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है।

# डॉ. अमित भारद्वाज बने स्थायी उच्च शिक्षा निदेशक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर उच्च शिक्षा निदेशक के कार्यवाहक निदेशक डॉ. अमित भारद्वाज को स्थाई उच्च शिक्षा निदेशक बना दिया गया है। पूर्णकालिक निदेशक के रूप में डा. अमित भारद्वाज ने शुक्रवार दिनांक १५.०१.२०२१ को कार्यभार ग्रहण किया।

तत्कालीन उच्च शिक्षा निदेशक डा. वन्दना शर्मा की बीते ३० सितम्बर २०२० को सेवानिवृत्ति के बाद डा. अमित भारद्वाज ने कार्यवाहक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। डा. भारद्वाज इससे पूर्व संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राजकीय सेवा में डा. अमित भारद्वाज वर्ष १९९० से हैं। डा. भारद्वाज ने १४ फरवरी १९९० से राजकीय महाविद्यालय जयहरिखाल, लैसडासन पौड़ी से राजकीय सेवा की शुरुआत की थी।

इसके बाद राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर, इन्दिरा गांधी राजकीय महाविद्याल लालगंज मीरजापुर, रामबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय व कई अन्य संस्थानों में अपनी सेवाएं दी है।

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

# २७ जनवरी से प्रतिदिन चलेगी छपरा कचहरी-गोमती नगर स्पेशल ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर अब राजधानी लखनऊ में कुशीनगर के लोगों के लिए आना-जाना आसान हो जाएगा। सप्ताह में तीन दिन चलने वाली छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन आगामी २७ जनवरी से बदले हुए नाम व नंबर से स्पेशल ट्रेन अब प्रतिदिन चलेगी। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने समय सारिणी घोषित कर दी है। बतादें कि क्षेत्र के लोगों ने पूर्वोत्तर रेलवे से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन की स्थान पर प्रतिदिन चलाने की मांग की थी इसके बाद ही रेलवे बोर्ड ने बीते सात जनवरी को इस ट्रेन के नियमित संचालन की मंजूरी दे दी। रेलवे बोर्ड ने अब इस ट्रेन का नंबर और नाम बदलते हुए समय सारिणी घोषित कर दी है।

पहले छपरा कचहरी से चलने वाली इस ट्रेन का नंबर १५११४ था, जिसे बदल कर ०५११४ कर दिया गया है। जबकि लखनऊ से चलने वाली इस ट्रेन का नंबर १५११३ से बदल कर ०५११३ कर दिया गया है।

# Amresh Kumar Chaudhary has been awarded prestigious "Chief of Army Staff Commendation"

PIB/New Delhi: Incumbent Chief Controller, Amresh Kumar Chaudhary has been awarded prestigious " Chief of Army Staff Commendation" for his outstanding contribution to Armed Forces during critical period of Covid19 pandemic and it's various operations.Amresh Kumar Chaudhary is currently working as Chief Controller in Mil Rail. Mil Rail is an extension of Traffic Directorate of Ministry of Railways, headed by Executive Director (ED) level officer with office at Army HQ. Mil Rail is responsible for overall coordination, strategic planning & execution of Railway Logistics support to Defence forces during peace & emergency situations. Mil Rail works in close coordination with Ministry of Defence for Railway operations pertaining to their requirements.A separate control room manages all these Railway operations which is headed by a Chief Controller.

# भीषण ठंड में रैन बसेरों, अलाव की प्रभावी व्यवस्था करने के लिए सीएम योगी ने दिये निर्देश



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। भीषण ठंड को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैन बसेरों के बेहतर संचालन और अलाव की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं और कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाये। उन्होंने कहा है कि सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर शहरी व ग्रामीण इलाकों में अलाव जलाने की व्यवस्था भी की जाए। जरूरतमंदों को कंबल बांटे जाएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार दिनांक १६.०१.२०२१ को समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारियों को अलाव, रैन बसेरा संचालन और कंबल वितरण कार्य की नियमित समीक्षा की जाए। रैन बसेरों के संचालन में कोविड-१६ के प्रोटोकॉल का भी पालन किया जाए। धान खरीद कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। इसके लिए जरूरत के अनुसार अतिरिक्त काटों की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने किसानों को मक्का एवं मूंगफली की उपज का उचित मूल्य दिलाने के भी निर्देश दिए।

# संबलपुर और जम्मूतवी के बीच चली स्पेशल ट्रेन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा हेतु संबलपुर और जम्मूतवी के बीच ०८३०६/०८३१० संबलपुर-जम्मूतवी संबलपुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन ११ जनवरी, २०२१ से किया जा रहा है। सप्ताह में चार दिन चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन बरकाकाना, पतरातु, टोरी, लातेहार, बड़वाडीह, डाल्टेनगंज, गढ़वा रोड, चोपन, चुनार आदि स्टेशनों पर रूकते हुए चलेगी। इस ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-१६ प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा। गाड़ी संख्या ०८३०६ संबलपुर-जम्मूतवी स्पेशल का परिचालन संबलपुर से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को किया जा रहा है। जबकि गाड़ी संख्या ०८३१० जम्मूतवी-संबलपुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन जम्मूतवी से प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार, रविवार एवं मंगलवार को होगा। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के ०१, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के ०३, शयनयान श्रेणी के ०६ तथा साधारण श्रेणी (आरक्षित) के ०४ कोच लगेंगे।

# मंत्री नंदी और मेयर अभिलाषा ने दिए मंदिर निर्माण के लिए सवा करोड़ की सहयोग राशि



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रत्येक हिंदू की सहभागिता के लिए सबसे बड़े जनसंपर्क एवं धन संग्रह अभियान की शुरूआत हो गई। सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और मेयर अभिलाषा गुप्ता ने पहले दिन ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों को सवा करोड़ रुपये की सहयोग राशि दी। शुक्रवार को मंत्री के आवास पर संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख रमेश, विभाग प्रचारक श्रीकृष्ण चंद, सुजीत कुमार आदि पदाधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान कई स्थानों से शोभा यात्रा भी निकाली गई। कर्बला चौराहे से शहर दक्षिणी के कार्यकर्ताओं ने भी भगवान राम की शोभायात्रा निकाली।

# माघ मेले में भी सिविल डिफेंस संभालेगी कमान

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। हर कदम पर प्रशासन का साथ देने वाले सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर्स कोरोना महामारी में माघ मेले में भी प्रशासन का सहयोग करेंगे। सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर्स ने बुधवार दिनांक १३.०१.२०२१ को मेले की रणनीति तैयार की। रेलवे स्टेशन, संगम नोज से लेकर शहर में हर जगह इनकी टीम रहेगी। बैठक में डिप्टी कंट्रोलर ओंकार शर्मा, चीफ वार्डन अनिल कुमार, डिविजनल वार्डन सुधीर सक्सेना, आदि मौजूद रहे।

# इफको मे अमोनिया रिसाव कांड में दो पर मुकदमा दर्ज

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। फूलपुर की इफको फैक्ट्री में गैस रिसाव के मामले में फैक्ट्री की लापरवाही सामने आई है। घटना बीते २२ दिसंबर की थी। जिसमें उप निदेशक फैक्ट्री की संस्तुति पर प्रबंधक व दखलकार के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मामला दर्ज करा दिया गया है। बतादें कि अमोनिया गैस के रिसाव के कारण दो अफसरों की मौत हो गई थी, साथ ही तमाम अन्य लोगों को गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। उप निदेशक फैक्ट्री अभय चंद्र गुप्ता को मामले की जांच दी गई थी।

# Indian Railways participates in the largest Vaccination Drive against COVID 19

**PIB/New Delh: Indian Railways participated in the largest vaccination programme against COVID 19. After the address and inauguration of the largest vaccination drive in history by our Honourable Prime Minister, vaccination programme started on 16.01. 2021 in Northern Railway Central Hospital as a part of national COVID 19 vaccination drive. Dr Sharad C. Khorwal, MD, NRCH took the first shot of covid vaccine to motivate staff. Similarly, at Jabalpur also, MD took the first shot. There was a very good response from health care staff of the hospital including many of senior doctors. After vaccination all were observed for 30 minutes for any adverse reaction. It was a very well organised event. Everyone appreciated the arrangement at the vaccination center. Total 51 health care workers of Northern Railway Central Hospital were vaccinated with Covishield vaccine today. Out of which 28 were males and 23 females. Also, the vaccination drive started in Jabalpur Railway hospital. 73 doctors and paramedics were vaccinated.**

# संजय कुमार मिश्रा बने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य इंजीनियर



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। संजय कुमार मिश्रा ने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रधान मुख्य इंजीनियर का पदभार दिनांक १८.०१.२१ को ग्रहण कर लिया। संजय कुमार मिश्रा भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (IRSE) के १६८६ बैच के अधिकारी हैं और उन्हे रेलवे के आधारभूत संरचना के विकास और रखरखाव में ३० से अधिक वर्षो का अनुभव प्राप्त है। इन्होंने इससे पहले दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद और पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर में सीनियर डिवीजनल इंजीनियर, डिप्टी चीफ इंजीनियर, ओपन लाइन और निर्माण संगठन में मुख्य अभियंता के रूप में काम करते हुए कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का वहन किया है। प्रमुख मुख्य इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण करने से पहले संजय कुमार मिश्रा पूर्वोत्तर रेलवे में सीपीडी (स्टेशन डेवलपमेंट) के रूप में कार्यरत थे।

# डायरी कलैण्डर-२०२१ को डिजिटल एप विकसित

रे.स.ब्यू./सूत्र। डिजिटलीकरण के वर्तमान दौर में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ब्यूरो आफ आउटरीच एण्ड कम्यूनिकेशन द्वारा डायरी एवं कलैण्डर-२०२१ हेतु पहला पूर्ण रूपेण डिजिटल एप विकसित किया गया है।

इस डिजिटल डायरी एवं कैलेण्डर में अनेक विशेषताएं है। यह डायरी एवं कैलेण्डर का एप बेव वर्जन https://www.goicalendar.gov.in पर उपलब्ध है। इसे एन्ड्रायड मोबाइल अथवा आई.ओ.एस. प्लेटफार्म पर GOI Calendar नाम से एक्सेस किया जा सकता है।

डिजिटल कैलेंडर प्रधानमंत्री की 'डिजिटल इंडिया' की परिकल्पना के अनुरूप है और इस तक किसी भी स्मार्ट फोन पर एक बटन क्लिक कर पहुंचा जा सकता है।

यह एप बिल्कुल मुफ्त है तथा वर्तमान में यह हिन्दी, अंग्रेजी एवं ११ अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। साथ ही इसमें बैठकों, महत्वपूर्ण कार्यो एवं आयोजनों का रिमाइन्डर लगाने की भी सुविधा है।

आने वाले दिनों में यह नेत्रहीन दिव्यांगों के उपयोग हेतु नये रूप में प्रस्तुत किया जायेगा जो प्रधानमंत्री के एसिसबुल इंडिया/सुगम्य भारत अभियान के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# जाने माने स्किन रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.के बजाज का निधन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जाने माने त्वचा, यौन व कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ. एके बजाज नहीं रहे। बृहस्पतिवार दिनांक २१.०१.२०२१ को मेंदांता अस्पताल गुरुग्राम में उन्होंने अंतिम सांस ली। बतादें कि चार जनवरी को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उनकी पत्नी डॉ. सरिता बजाज भी कोरोना संक्रमित होने के बाद मेंदांता में भर्ती हैं। निधन की सूचना मिलने पर चिकित्सक समुदाय में शोक व्याप्त हो गया। डॉ. एके बजाज त्वचा रोग चिकित्सा क्षेत्र में विश्व विख्यात थे। उनकी दो बेटियां हैं, जो विदेश में रहती हैं।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य और पूर्वोत्तर रेलवे ने किया संयुक्त क्रू लॉबी प्रयागराज का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य और पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर दिनांक २१.०१.२१ को संयुक्त क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा, सीईएलई पी डी मिश्रा, सीएमपीई अनिल द्विवेदी और लोको रनिंग विंग से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बतादें कि यह संयुक्त दल लॉबी प्रयागराज-पं दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज- कानपुर, प्रयागराज-मानिकपुर एवं अन्य दिशाओं में कोचिंग और माल-गाड़ियों को चलाने के लिए चालक दल की आवश्यकता को पूरा करता है। विनय कुमार त्रिपाठी ने क्रू लॉबी में सभी संरक्षा, प्रशिक्षण और अन्य व्यवस्थाओं की जाँच की। इस दौरान महाप्रबंधक ने रनिंग स्टाफ, लोको इंस्पेक्टरों और ट्रेन संचालन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ भी बातचीत की और बल देते हुए कहा कि चालक दल द्वारा जटिल यार्डो की रूट लर्निग सीखना संरक्षायुक्त ट्रेन संचालन के लिए महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी में कोविड -१६ संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और रनिंग स्टाफ को कोविड -१६ संक्रमण से बचाने के लिए क्रू लॉबी द्वारा किए गए समग्र प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पांच मालगाड़ियों को जोड़कर किया "वासुकी" का परिचालन



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायपुर मंडल के भिलाई डी केबिन से बिलासपुर मण्डल के कोरबा तक ५ मालगाडियों को एक साथ जोड़कर चलाया गया, जिसका नाम वासुकी दिया गया है। इस मालगाड़ी की कुल लंबाई ३.५ किलोमीटर के लगभग है,फ्रेट ट्रेनों के परिचालन समय को कम करने, क्रू-स्टाफ की बचत एवं उपभोक्ताओं को त्वरित डिलीवरी प्रदान करने हेतु लगातार लॉन्ग हॉल माल-गाडियों का परिचालन किया जा रहा है।

नये कीर्तिमान स्थापित करते हुए दिनांक २६ जून २०२० को तीन लोडेड मालगाड़ियों को एक साथ जोड़कर लॉन्ग हॉल सुपर एनाकोंडा गाडी का परिचालन किया गया था। इसी कडी को आगे बढाते हुये दिनांक २२ जनवरी २०२१ को रायपुर रेल मंडल के भिलाई डी केबिन से कोरबा तक पांच लॉन्ग हॉल रैक (वासुकी) का परिचालन किया गया। इस मालगाड़ी में ३०० वैगनो को जोड़कर इस लॉन्ग हॉल रैक को चलाई गई।

इस लॉन्ग हॉल मालगाड़ी ने भिलाई दी केबिन से कोरबा स्टेशन तक का सफर ०७ घंटे से भी कम समय में तय किया। इस प्रक्रिया में केवल ०१ लोको पायलट, ०१ सहायक लोको पायलट एवं ०१ गार्ड की आवश्यकता पडी।

# इसी वर्ष होगा रेल मार्गो के विद्युतीकरण का कार्य पूरा

रे.स.ब्यू./सूत्र. इसी वित्तीय वर्ष में रेलवे के मिशन रफ्तार के तहत देश के ६६ रेल मार्गो के विद्युतीकरण का काम पूरा हो जाएगा। जिसके बाद इन रूटों पर इलेक्ट्रिक इंजन लगी यात्री ट्रेनों का परिचालन भी शुरू हो जाएगा। बतादें कि रेलवे बोर्ड द्वारा केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं को देश के सभी रेलखंडों के विद्युतीकरण का कार्य सौंपा गया है और वर्ष २०२४ तक सभी रेल मार्गो के विद्युतीकरण का लक्ष्य भी कोर को मिला है। इसी कड़ी में कोर प्रयागराज ने इस वित्तीय वर्ष में देश के ६६ रेलखंडों के विद्युतीकरण के कार्य को पूरा करने का दावा किया है। इसकी लंबाई ३६६५ किलोमीटर है।

# Central Workshops, Southern Railway, Goldenrock, Tiruchchirappalli Flags off 200th BOXNHL WAGON & 275th RSP WAGON



PR Deptt. SR/Chennai: Established in 1926, Central Workshops, Southern Railway, Goldenrock in Tiruchchirappalli is one of the premier Railway repair workshops in Indian Railways. Since 1961, this workshop is one of the four railway owned units involved in the production of new wagons catering to freight services across the country. In the last 59 years, more than 40000 wagons of 55 types were manufactured here. In this, three are Narrow Gauge models, seven are Metre Gauge varieties and forty-five are Broad Gauge types. In addition, this workshop has been manufacturing container wagons for transhipping containers for Container Corporation of India. This workshop has also carved a niche in undertaking prototype wagons owing to its superior quality of workmanship. Prototypes of newly designed and developed wagons by RDSO Lucknow are manufactured here. In the last two decades, 17 prototype wagons were manufactured and successfully tested before permitting for mass production. This financial year 2020-2021 had one of the toughest beginnings for any manufacturing unit. Due to the team's extra ordinary efforts, 275 wagons against Railway Board's Rolling Stock Program orders were manufactured and dispatched within eight months. In this,200 are BOXNHL wagons and 75 are BVCM wagons. This is the highest ever production in a single financial year in the last seventeen years with still 2½ months to go. 200th BOXNHL wagon and 275th Railways Board's RSP order wagon were flagged off on20.01.2021 in the presence of Shyamadhar Ram, Chief Workshop Manager, A. Clement Barnabas, Dy. Chief Mechanical Engineer and other Officers, Supervisors and Staff. Adapala Chandrasekhar, Asst. Works Manager, who has immensely contributed in Wagon Production this year, proposed the vote of thanks. Adding value to this proud occasion, Railway Board has placed two new wagons orders – one for manufacturing of 15 Metre Gauge wagons for UNESCO fame Nilgiri Mountain Railways, another for manufacturing of 48 Well type wagons for transportation of track machines in Southern Railway. This workshop is also now having CONCOR order for the manufacturing of 1035 BLCS wagons for carrying double stack containers at 100 kmph for which production has been commenced.

# लैंडलाइन से मोबाइल पर नंबर डायल करने के पहले लगाना होगा अब जीरो

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मोबाइल पर लैंडलाइन से कोई भी नंबर डायल करने के पहले अब जीरो लगाना अनिवार्य हो गया है। इसके बाद लैंडलाइन के उपभोक्ताओं को अब १० के बजाय ११ डिजिट का अंक डायल करना पड़ेगा।

जबकि पहले बिना जीरो लगाए भी लैंडलाइन से डायरेक्ट मोबाइल पर बात हो जाती थी। आशीष कुमार गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी/बीएसएनएल ने बताया कि यह व्यवस्था हाल ही में शुरू की गई है।

उन्होने बताया कि पहले मोबाइल नंबर डायल करने पर ही फोन लग जाता था लेकिन अब किसी भी नेटवर्क पर बिना जीरो लगाए फोन नहीं लगेगा।

कम से कम सामान के साथ सुविधाजनक रेल यात्रा करें

# रेलवे बोर्ड के सदस्य ऑपरेशन्स एवम् बिजनेस डेवलपमेंट, पी. एस. मिश्रा, ने कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यो की समीक्षा



रे.स.ब्यू./सूत्र। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय बिलासपुर में रेलवे बोर्ड के सदस्य ऑपरेशन्स एवम् बिजनेस डेवलपमेंट, पी.एस. मिश्रा ने महाप्रबंधक गौतम बनर्जी एवं अन्य विभागाध्यक्षों के साथ चल रहे विभिन्न परियोजनाओं, माल ढुलाई, यात्री परिवहन तथा यात्री सुविधाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेलवे में यात्री परिवहन तथा माल परिवहन का बहुत तेजी से विकास हो रहा हैं। माल ढुलाई की हो रही प्रगति पिछले कुछ वर्षो की तुलना में तेजी से बढ रही हैं जो कि हमारे पूरे राष्ट्र की आर्थिक गतिविधियों के साथ सीधे सीधे जुड़ी है। बैठक में मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेलवे ने पिछले कुछ वर्षो में महत्वपूर्ण सुधार किये है। मिश्रा ने शहडोल से सूरजपुर-पसरा कोल्ड माइड, छुल्हा से बिलासपुर तक स्वचालित निरीक्षण किया। बैठक में अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, सचिव, तथा उप महाप्रबंधक (सामान्य) उपस्थित थे।

# मंडल रेल प्रबंधक झांसी के दिशानिर्देशन में संरक्षा, सुरक्षा एवं सतर्कता पर विशेष जोर



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। यात्रियों को बेहतर तथा सुविधाजनक सेवा प्रदान करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के दिशानिर्देशन में मंडल द्वारा अवसंरचनात्मक कार्यो, संरक्षा, सुरक्षा एवं सतर्कता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शीत काल में गार्डो, ड्राइवरों और ट्रैक साइड के रेलकर्मियों जैसे गेटमैनों, पोर्टरों और सहायक स्टेशन मास्टरों की सतर्कता को भी निरंतर आजमाया जाता रहता है। वहीं मंडल की सतर्कता के चलते "कैटल रन ओवर" केसों में भी पिछले वर्ष के मुकाबले ४६ प्रतिशत की गिरावट आई है। संरक्षा की दृष्टि से इसी वर्ष मंडल के ०७ समपार फाटकों को बंद कर ROB/RUB में परिवर्तित किया गया है, जिसमें फाटक संख्या ४४६ खैरार, ३१६ करोंदा, १८३ उरई, फाटक संख्या ०४, ४२७ एवं ४२६ बिरलानगर तथा फाटक संख्या ३६१ मऊरानीपुर स्टेशन के निकट स्थित शामिल है।


**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# उत्साह के साथ मना आर.डी.एस.ओ. में ७२वां गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। आरडीएसओ में ७२ वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। आरडीएसओ स्टेडियम में अधिकारियों और कर्मचारियों के सीमित संख्या एवं एहतियात के साथ कोविड-१६ के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए समारोह का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के समारोह में वीरेन्द्र कुमार, महानिदेशक/आरडीएसओ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ टुकड़ी की सलामी ली।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए, वीरेंद्र कुमार, महानिदेशक/आरडीएसओ ने कोविड योद्धाओं-चिकित्सा कर्मचारियों और स्वच्छता कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। महानिदेशक ने आरडीएसओ के कई प्रमुख उपलब्धियों और विकासात्मक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला जिनमे विस्टाडोम कोचों के विकास एवं डिजाईन शामिल है, जिसका उपयोग प्रधानमंत्री द्वारा १७.०१.२०२१ को फ्लैग ऑफ की गई जन शताब्दी ट्रेन में किया गया था। महानिदेशक ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि, संगठन कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर रहा है। जिसमें UIC 518 और डेडिकेटेड टेस्ट ट्रैक प्रमुख है। इस अवसर पर नम्रता कुमार, अध्यक्ष RWWA, रमेश पिंजानी, एडीजी, आरडीएसओ और एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे और कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी वेबकास्ट के माध्यम से समारोह में शामिल हुए।

# जीआरपी ने किया ट्रेन में चोरी करने वाली ११ महिलाओं को गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र। मऊ जीआरपी ने रेल यात्रियों से चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाली ११ शातिर महिला चोरों को मुखबिर की सूचना पर सोमवार दिनांक २५.०१.२०२१ को प्लेटफार्म संख्या एक से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के चोरी के आभूषण समेत ११ हजार रुपए और बोलेरो वाहन को भी बरामद किया गया। जीआरपी थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद के अनुसार रेल यात्रियों से चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गणतंत्र दिवस की पूर्व संख्या पर मऊ जंक्शन पर जीआरपी द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। मुखबिर से सूचना मिलते ही जीआरपी ने जंक्शन के सभी प्लेटफार्मो पर जांच-पड़ताल शुरु कर दिया। पकड़ी गई चोर गैंग की महिलाओं ने बताया कि वह ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देती है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया झाँसी मंडल में ७२ वां गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। मण्डल मुख्यालय में राष्ट्र के ७२वें गणतन्त्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संदीप माथुर, मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराये जाने तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके उपरान्त माथुर द्वारा परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई परेड में आर पी एफ स्टाफ, डॉग स्क्वायड, डीजल स्टाफ, चेकिंग स्टाफ, गार्ड तथा लोको पायलट, मेडीकल स्टाफ, सी एण्ड डब्ल्यू स्टाफ, इंजीनियरिंग स्टाफ सहित भारत स्काउट व गाइड ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही रेल कर्मचारियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक, अध्यक्षा, सचिव महिला कल्याण संगठन द्वारा शान्ति के प्रतीक कपोत एवं तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोडे गये। कार्यक्रम कर अंत में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न विभागों ३५००० रूपये के पुरस्कार की घोषणा की।

## मंदिर माडल की झांकी घूमेगी अब पूरे प्रदेश में



मुख्यमंत्री योगी को प्रथम पुरस्कार देते हुए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, और निदेशक सूचना शिशिर

साभार सूचना विभाग गणतन्त्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी देश में सर्वोत्तम रही। पहली बार यूपी की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला, जिसके बाद इसे गौरव का क्षण बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में झांकी को भ्रमण कराने का निर्देश दिया है। जहां-जहां से यह झांकी गुजरेगी वहाँ जनता द्वारा स्वागत और पुष्प वर्षा की जाएगी।



७२वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आगरा मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक सुशील कुमार श्रीवास्तव जनसभा को संबोधित करते हुए।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त ने किया ध्वाजारोहण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार ने आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद मण्डलायुक्त ने गांधी सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ा दिवस है। आज के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ था। इस अवसर पर अपर आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर आयुक्त भगवान शरण सहित आयुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## परेड में राम मंदिर मॉडल की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के राजपथ पर आयोजित परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं राम मंदिर मंडल पर आधारित झांकी को प्रथम पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। गुरुवार दिनांक २८.०१.२०२१ को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को यूपी की झांकी के प्रथम स्थान पर रहने के लिए सम्मानित किया।

## ट्रेनों की हर बोगी में अब लगेंगे आरओ वाटर मशीन

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। रेलयात्रियों के सुविधा हेतु रेलवे अब प्रमुख ट्रेनों की बोगियों में मिनी आरओ प्लांट लगाने की तैयारी कर रहा है। जिसके बाद अब लोगों को यात्रा के दौरान पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इससे यात्रियों को निःशुल्क पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने जोनल रेलवे से प्रमुख ट्रेनों की सूची मांगी है। दरअसल, कई बार यात्री को ट्रेन छूटने के डर से पानी खरीदकर पीना पड़ता है। वहीं गर्मी के दिनों में रेल यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होती है। इस समस्या को देखते हुए रेलवे ने ट्रेन में आरओ वाटर मशीन लगाने का निर्णय लिया है। यह मशीन पहले चरण में ऐसी प्रमुख ट्रेनों में लगाई जाएगी, जो कम स्टेशनों पर रुकती हैं और भीड़ ज्यादा होती है। मशीन लगने के बाद यात्रियों को चलती ट्रेन में आसानी से पानी मिल सकेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए सफर के दौरान खाली बोतल रखनी होगी। वहीं इस नई सुविधा से पूरी यात्रा के दौरान यात्रियों की रुपये की भी बचत होगी।

## पूसी रेल में सम्पूर्ण उत्साह के साथ मना ७२वाँ गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. मालीगाँव। पूर्वोत्तर सीमा रेल में ७२वाँ गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मालीगाँव रेलवे स्टेडियम में सम्पन्न हुआ, जहां पू. सी. रेल के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने रेलवे अधिकारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। महाप्रबंधक ने रेसुब, टेरीटोरियल आर्मी, सिविल डिफेंस, स्कूली बच्चों तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट का निरीक्षण भी किया।

इस अवसर के दौरान हमारे राष्ट्र की अनेकता में एकता को दर्शाने वाले एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका उपस्थित सभी ने आनंद उठाया। पू. सी. रेल के सभी पांचों मंडलों यानी तिनसुकिया, लामडिंग, रंगिया, अलीपुरदुआर तथा कटिहार में भी गणतंत्र दिवस पालन किया गया,

केंद्रीय बजट 2021-22 में रेलवे से संबंधित विशेष जानकारी अगले अंक में।




## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८९७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

